हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण की दिलाई शपथ




**बेलगांव।** देवकट्टा में विश्व जल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एचडीएफसी बैंक के परिवर्तन कार्यक्रम अंतर्गत संचालित एचआरडीपी परियोजना के तहत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया। जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। जल के सही उपयोग, बर्बादी रोकने और वर्षा जल संचयन के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में भाया सिंगझारे, नंदलाल साहू, सोमनाथ चावले सहित अन्य उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय के लिए रागिनी चयनित



**कल्लूबंजारी।** सरस्वती शिशु मंदिर छुरिया की छात्रा रागिनी साहू पिता रघ्घूराम साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। रागिनी का चयन होने पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, आचार्य- दीदियों एवं प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। यह जानकारी प्राचार्य बृजमोहन साहू ने दी।

### जन समस्याओं से भाजपाइयों ने मुंह फेरा

**छुरिया।** भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव डॉ. प्रकाश शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता सड़क, रोजगार, शिक्षा जैसी कमियों से जूझ रही है, वही भाजपा के जनप्रतिनिधि समस्याओं के समाधान के बजाय प्रशिक्षण और संगठनात्मक कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि जब सड़कें जर्जर हों, विकास ठप हो तब प्रशिक्षण कार्यक्रमों का औचित्य समझ से परे है। उन्होंने सवाल कहा कि सरकार और उसके प्रतिनिधि बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि जनता को नारे और भाषण नहीं, बल्कि मूलभूत सुविधाएं चाहिए।

### कर्मा जयंती समारोह आज



**पटेवा।** ग्राम इरईकला में तहसील स्तरीय भक्त कर्मा माता जयंती महोत्सव एवं आदर्श विवाह का आयोजन कल 30 मार्च को किया गया है। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय शामिल होंगे। अतिथि के रुप में तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, कार्यकारी अध्यक्ष भागवत साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रतिमा चन्द्राकर, किरण वैष्णव, सुनील साहू, किरण साहू, चन्द्रभूषण साहू, किरण बारले, ललित साहू, श्यामलाल साहू शामिल होंगे। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे शोभायात्रा निकाला जाएगा। दोपहर एक बजे से अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन, गोधूलि बेला में आदर्श विवाह एवं शाम 5बजे प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसी दिन रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया है। सरपंच ललित साहू ने बताया कि रक्तदान करने वालों को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### नवमी को भगवान राम की पूजा



**डोंगरगढ़।** आंध्रा समाज के लोगो ने केदारबाडी स्थित सीता रामचंद्र स्वामी मंदिर में स्थापना दिवस मनाते हुए राम नवमीं का पूजा का आयोजन किया। समाज के पंडित ने विधिवत पूजा अर्चना कर आरती कराया। दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया। गया। आयोजन में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंग मंगे, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जसमीत सिंग बन्नोआना, प्रकाश बिंदल, परविंदर सिंग मोंटी, विरेंन्द्र सोनी, दिलीप बिंदल, पार्शद सहित बड़ी संख्या में आंध्रा समाज सहित अन्य समाज के लोग शामिल हुए।

### योग शिविर का आयोजन



**डोंगरगढ़।** स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए ओके अभियान के तहत योगा ग्रुप की महिलाओं ने चार दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया। मिसिया बड़ा के गार्डन में चारों दिन आसन, प्राणायाम, ध्यान, साधना आदि का अभ्यास कराया गया साथ ही उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में उत्साह के साथ महिला, बच्चे पुरुष और बुजुर्गों ने शामिल होकर योगाभ्यास किया। शिविर का संचालन महिलाओं ने किया।

### कर्मा के आदर्शों को अपनाएं : हर्षिता



**डोंगरगढ़।** देवकट्टा में मां कर्मा जयंती उल्लास के साथ मनाया गया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के पहुंचते ही साहू समाज के लोगों ने आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंचराम चंदेल ने की। विशिष्ट अतिथि सुरेश सिंह, चुम्मन साहू, हरक पटेल थे। इस मौके पर विधायक श्रीमती बघेल ने कहा मां कर्मा कोई साधारण महिला नहीं थी। उन्होंने अपने त्याग से भगवान कृष्ण को प्रसन्न कर खिचड़ी खिलाया था। सबको कर्मा माता की आदर्श पर चलना होगा। साहू समाज ने विधायक के समक्ष भवन की मांग रखा।कार्यक्रम में गोकुल वर्मा, अनिल वर्मा, कीर्तन कंवर, धनु पटेल, किशोरसिंह बैस, सतीश कंवर, संतोष हठीले, गंगाराम पटेल, उधो कंवर, रमेश कंवर, गोकर्ण पटेल, सुकलाल साहू, रामदुलार साहू, खेमलाल साहू, पीलाराम साहू, प्रीतम साहू, संतोष साहू, लेखराम साहू, घनश्याम साहू आदि मौजूद थे। ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेर ने बच्चों को काफी पेन देकर प्रोत्साहित किया।

### कर्मा जयंती महोत्सव पांच को

**सोमनी।** ग्राम फरहद में आगामी 5 अप्रैल को तहसील स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत प्रातः 10 बजे कलशयात्रा निकाला जाएगा। दोपहर 12 बजे मां कर्मा की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अतिथियों का स्वागत, उद्बोधन एवं प्रतिभा सम्मान रखा गया है। शाम 4 बजे खिचड़ी वितरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय, प्रमुख अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे। अध्यक्षता भागवत साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि मोतीलाल साहू, कमल किशोर साहू, नीलमणि साहू, नोबल साहू, विवेक साहू, शेखर साहू, किरण साहू, देवकुमारी साहू, चेतन साहू, कोमल सिंह राजपूत, प्रतिभा चन्द्राकर, अंगेश्वर देशमुख, खिलेश्वर साहू, मनोज साहू, उतरीबाई तामस्कर, डुगेश साहू, निर्मला साहू, खिलानंद साहू होंगे।

## कलेक्टर ने तुमड़ीबोड़ में खरीदी का लिया जायजा, सुविधा मुहैया कराने के निर्देश

# समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण (पीएम-आशा) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए तुमड़ीबोड़ सेवा सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। जिले में पीएम आशा योजना के तहत समर्थन मूल्य पर किसानों से दलहन-तिलहन की खरीदी शुरू कर दी गई है। कलेक्टर ने तुमड़ीबोड़ सेवा सहकारी समिति में चना विक्रय करने पहुंचे ग्राम दर्राबांधा के किसान कमल नारायण साहू से बातचीत की। किसान ने बताया कि उन्होंने धान को छोड़कर अन्य फसल लगाई है। दलहन-तिलहन फसलों में कम पानी का उपयोग होता है। किसान ने बताया कि चना का समर्थन मूल्य 5 हजार 875 रूपए प्रति क्विंटल है, जो ग्रीष्मकालीन धान के एमएसपी से कही अधिक है, जिससे किसानों को अधिक लाभ होगा। खरीदी केन्द्र में उपस्थित अन्य किसानों ने भी धान फसल छोड़कर अन्य फसल उत्पादन करने की बात कही।

### व्यवस्था का लिया जायजा

कलेक्टर ने खरीदी केंद्र में तौल मशीन, बारदाना उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण, भंडारण, परिवहन एवं किसानों के भुगतान से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा सभी व्यवस्थाएं पारदर्शी और समयबद्ध रूप से संचालित करें। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए पीएम आशा योजना के तहत उनकी उपज का समर्थन मूल्य पर खरीदी होने से होने वाले लाभ तथा समर्थन मूल्य की राशि समय पर मिलने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों को बताया कि पीएम आशा योजना के तहत दलहन-तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीदी से उन्हें अधिक आय प्राप्त होगी और फसल विविधिकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने खरीदी केंद्रों की नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम-आशा योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी को अधिक सुचारू, पारदर्शी तरीके से खरीदी करने के निर्देश दिए।

### समर्थन मूल्य मिलने से किसानों को लाभ



कलेक्टर ने बताया कि पीएम आशा योजना के तहत समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन खरीदी के लिए जिले के 15 सेवा सहकारी समितियों को रबी में चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी के लिए उपार्जन केन्द्र के रूप में अधिसूचित किया है। साथ ही एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला कृषक उत्पादन सगठन सुकुलदैहान को अधिसूचित किया गया है। कलेक्टर ने किसानों को गर्मी के मौसम में धान जैसी अधिक पानी मांगने वाली फसलों के स्थान पर दलहन-तिलहन एवं कम पानी वाली फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दलहन तिलहन फसलों के रकबे को बढ़ाने तथा गर्मी मौसम में धान फसल के स्थान पर चना, सरसों एवं मसूर जैसे फसलों को लेने कहा। कलेक्टर ने कहा कि फसल चक्र सुधारने से कृषि की स्थिरता बढ़ेगी और गांवों में जल संरक्षण के प्रयास मजबूत होंगे। किसानों ने बताया कि खरीफ में धान फसल लेने के बाद रबी में चना फसल कटाई पश्चात मार्च-अप्रैल में मूंग उड़द की फसल जो 70-75 दिन में पक कर तैयार हो जाती है। इसकी खेती करने से वे वर्ष में 3 फसल ले रहे है, जिससे उन्हें अधिक लाभ हो रहा है। किसान अब पीएम आशा के माध्यम से दलहन-तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी होने से गर्मी धान को छोड़कर वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ रहे है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम दर्राबांधा के किसान कमल नारायण साहू ने बताया कि 50 क्विंटल चना विक्रय करने तुमड़ीबोड़ सेवा सहकारी समिति खरीदी केन्द्र पहुंचे हैं। जिससे उन्हें 5 हजार 875 प्रति क्विंटल की दर से 2 लाख 93 हजार रूपए की आमदनी होगी। साथ ही उनके द्वारा खरीफ में भी 23 क्विंटल सोयाबीन पीएम आशा योजना के तहत विक्रय किया गया था। जिससे उन्हें 5300 प्रति क्विंटल की दर से लगभग 1 लाख 21 हजार 900 रूपए प्राप्त हुआ है। किसानों ने बताया कि पीएम आशा योजना के माध्यम से दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र में वृद्धि होगी तथा किसान अत्मनिर्भर बनेगें।

### 15 केंद्रों में होगी दलहन तिलहन की खरीदी

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा पीएम आशा योजना के तहत जिले के 15 सेवा सहकारी समितियों को रबी में चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी के लिए उपार्जन केन्द्र के रूप में अधिसूचित किया है। साथ ही एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला कृषक उत्पादन संगठन सुकुलदैहान को अधिसूचित किया गया है। शासन द्वारा चना, मूसर के लिए 1 मार्च 2026 से लेकर 30 मई 2026 तक तथा सरसों फसल के लिए 15 फरवरी से 15 मई 2026 तक उपार्जन तिथि निर्धारित किया गया है। जिले के दलहन तिलहन का उत्पादन करने वाले किसानों को उनके उपज का उचित लाभ दिलाने के लिए चना फसल पर 5 हजार 875 रूपए, मसूर फसल पर 7 हजार रूपए तथा सरसों फसल पर 6 हजार 200 रूपए समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। जिले में अब तक 661 किसानों ने 974 हेक्टेयर चना, 324 किसानों द्वारा 214 हेक्टेयर मसूर तथा 122 किसानों द्वारा 120 हेक्टेयर रकबे के सरसों फसल का उपार्जन हेतु पंजीयन कराया जा चुका है। जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 238 क्विंटल चना, 265 क्विंटल मसूर का उपार्जन किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, सहायक संचालक कृषि डॉ. बीरेन्द्र अनंत सहित ग्रामीण एवं किसान उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



**डोंगरगांव।** मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 132 वां एपिसोड देखा और सुना। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न बूथों पर इसका श्रवण किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि देश की जनता को मिलकर चुनौतियों का सामना करने कहा। पीएम मोदी चर्चा को श्री गांधी ने प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा मन की बात कार्यक्रम देश को दिशा देने वाला मंच बन चुका है। उनके विचार युवाओं और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री की बात सुनने पर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान रामकिशन माहेश्वरी, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, अरुण जैन, अंजु त्रिपाठी, मनबोधी पटेल, कोमल साहु, योगेश पटेल, सतीश पांडे, महेश्वर साहु, प्रफुल्ल जैन राजा, नवनीत अहीर, गौरव यदु आदि उपस्थित थे।



**डोंगरगांव।** राजपूत क्षत्रीय महासभा के अधिवेशन के दौरान आयोजित शोभायात्रा में समाज की युवतियों और महिलाओं ने तलवारबाजी का प्रदर्शन किया।

## विष्णु लोधी बने कांग्रेस के जिला सचिव



**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी को सचिव नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल एवं जिला अध्यक्ष विपिन यादव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने एवं किसानों, युवाओं और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का संकल्प दोहराया। उन्हे विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, भोलाराम साहू, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, पूर्व विधायक प्रकाश यादव, पूर्व विधायक छन्नी साहू, शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, संतोष पिल्ले, शाहिद भाई, रूपेश दुबे, थानेश्वर पटिला, विभा साहू, घनश्याम वर्मा, मुरली वर्मा, पंकज बांधव, राहुल तिवारी, धीरज मेश्राम, जितेन्द्र सिंह भाटिया, विजयराज सिंह, शिशुपाल भारती, विरेन्द्र बोरकर, नियाजुद्दीन, हरीश भंडारी, पंचराम चंदेल, टीकेश साहू, धर्मेन्द्र साहू, मदन मंडावी, नरेश यादव, रिखीराम लिल्हारे, रिम्मी भाटिया, जय वर्मा, पीयूष दुबे, हीरा सोनी, तरूण सिन्हा, भगवती वर्मा, विश्राम वर्मा, बाबूलाल वर्मा, जोहन वर्मा, जगेश्वर उइके, नरेश उइके, राममूरत वर्मा, पुसऊ वर्मा, संजीव गोमास्ता, नरेश करसे, यतीम खान सहित अन्य ने बधाई दी है।

## मंदिर परिसर में सुविधा विस्तार की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

ग्राम आमगांव में आस्था और विकास का संगम गत दिनों देखने को मिला। यहां शीतला मंदिर के सामने शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर सरपंच हीरालाल नेताम, चन्द्रभान साहू, योगेन्द्र गजपाल, अगनुराम साहू, देवेन्द्र साहू, भूषण साहू, घसियाराम साहू, सूरजराम साहू, अजीत देवांगन, भगवानीराम साहू, देवनाथ साहू सहित अन्य मौजूद थे।वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शेड का भूमिपूजन किया गया। शेड का निर्माण होने से धार्मिक कार्यक्रम, सामाजिक बैठकों एवं अन्य आयोजन करने की सुविधा मिलेगी।

- जिपं अध्यक्ष ने किया शेड का भूमिपूजन




### सुविधा विकास की पहल

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि ग्रामीणों की आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकास की पहल की जा रही है। यह शेड केवल एक संरचना नहीं, बल्कि ग्रामीणों की भावना, धर्म और विकास का प्रतीक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### उपकेन्द्र की विद्युत क्षमता में बढ़ोतरी

# खड़गांव में पावर ट्रांसफार्मर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खड़गांव



मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत विद्युत अधोसंरचना को सशक्त बनाने एवं विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। इस योजना अंतर्गत ग्राम में स्थित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 48 लाख की लागत से 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया है जिसे जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी की उपस्थिति में सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य साहिदा बेगम, बालचंद कोरेटी, करण बोगा, घनश्याम कड़ियाम सहित अन्य उपस्थित थे। इस क्षमता वृद्धि से 31 ग्रामों के लगभग 2542 कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार नए ट्रांसफार्मर के लगने से खड़गांव उपकेन्द्र की कुल पॉवर क्षमता 3.15 एमव्हीए से बढ़कर अब 6.30 एमव्हीए हो गई है।

इस अपग्रेडेशन से क्षेत्र में लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या का समाधान होगा। विशेष रूप से खेती के सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

### टीम को मिली सराहना

श्री सेलट ने कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, ईई मोहला अनिल कुमार रामटेके, ईई एसटीएम एडी टंडन, सहायक अभियंता शिरीष कुमार मिलिंद, एसपी ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता अविनाश जेठवानी, लालाराम पटेल, ओमप्रकाश प्रधान एवं अन्य कर्मचारियों को बधाई दी है।

## भक्त माता कर्मा की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोमनी

सोमनी में ग्राम साहू समाज के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। प्रातः 10 बजे आरती पूजा के बाद अतिथि स्वागत किया गया। आखिर में महाप्रसादी खिचड़ी का वितरण हुआ। इस अवसर पर ग्राम साहू समाज के अध्यक्ष नेपाल साहू, मनहरण साहू, लोकेश्वर साहू, सुखदेव साहू, रामदुलार साहू, परमानंद साहू, अमरदास साहू, धनुष राम साहू, महेंद्र कुमार साहू, सरपंच नीलिमा साहू, हेमलता तिवारी आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय, ग्राम पंचायत नारायणगढ़**
**जपं डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक- / ग्रापं /2026-27 दिनांक 26/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026/27 के लिए ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले साप्ताहिक बाजार की नीलामी गुरुवार दिनांक 02/04/2026 को समय 11 बजे ग्राम पंचायत भवन नारायणगढ़ में पारित प्रस्ताव अनुसार किया जाना है जिसकी नीलामी कार्यालय भवन में नियमानुसार होगी।

1. **साप्ताहिक बाजार नीलामी - अमानत राशि 25,000/-रूपए**

इच्छुक बोलीकर्ता अमानत राशि जमा कर नीलामी बोली मे शामिल हो सकते है। सफल बोलीदार को नीलामी के तुरंत बाद 25% राशि जमा करना होगा। शेष राशि बोली तारीख से 3 माह के भीतर जमा करना अनिवार्य है। नियम व शर्तो का अवलोकन सूचना पटल पर किया जा सकता है।

**सरपंच** ग्राम पंचायत नारायणगढ़ **सचिव** ग्राम पंचायत नारायणगढ़







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026



# प्रदेश में सबसे गर्म नांदगांव: मार्च में ही पारा 40 डिग्री के पार, तीन दिनों बाद राहत संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस साल जहां जनवरी और फरवरी महीने में कड़ाके की ठंड देखने को मिली। वहीं अब मार्च में जोरदार गर्मी का आलम देखने को मिल रहा है। स्थिति यह है कि अभी अप्रैल महीने की शुरूआत भी नहीं हुई है और जिले का तापमान चढ़कर 40 डिग्री को पार कर गया है। 40.5 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेश में सबसे गर्म बना हुआ है। हालांकि अब मौसम विभाग की तरफ से जारी संभावनाओं के अनुसार तीन दिन बाद तापमान में थोड़ी राहत जरूर मिल सकती है।

एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर ईरान और उससे लगे कैस्पियन सागर के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 9.4 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिम राजस्थान और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से उत्तर मध्यप्रदेश के मध्य भाग तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका बिहार से गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका-हवा की अनियमित गति उत्तर उड़ीसा से दक्षिण तमिलनाडु तक दक्षिण छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। हालांकि तीन दिन बार तापमान में हल्की गिरावट की संभावना जताई गई है। बताया गया कि जिले का अधिकतम तापमान 3 से चार डिग्री तक लुढ़क सकता है।

## राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान पहुंचा 40.5 डिग्री, न्यूनतम पारा 22.5 डिग्री के पार

### बारिश से मिलेगी राहत!

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के मध्य इलाकों में बेमौसम बारिश देखने को मिल सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश में कल 30 मार्च को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।



### बढ़ी गर्मी, सेहत पर असर

पिछले कुछ दिनों के भीतर ही तापमान में 4 से 5 डिग्री का इजाफा देखने को मिला है। जिसका सीधा असर लोगों की सेहत पर असर देखने को मिल रहा है। अचानक तापमान में वृद्धि होने से शरीर में पानी की कमी की शिकायतें बढ़ जाती है। ऐसे में डॉक्टरों की मानें तो नियमित रूप से पानी पीए और खानपान में ध्यान दिया जाना चाहिए। बच्चें एवं बुजूर्गों को अधिक सतर्क रहने की जरुरत है।

### बाकी जिले दो डिग्री तक कम

राजनांदगांव जिला जहां 40.5 डिग्री तापमान के साथ प्रदेश में सबसे गर्म बना हुआ है। वहीं प्रदेश के बाकी जिलों का तापमान राजनांदगांव से डेढ़ से दो डिग्री तक कम है। रायपुर का अधिकतम तापमान 39.5, दुर्ग 38.9, जगदलपुर 37.7, अंबिकापुर 36.4 और बिलासपुर जिले का अधिकतम तापमान रविवार को 39.6 डिग्री रहा। राजनांदगांव जिले का न्यूनतम तापमान भी 22.5 डिग्री पर पहुंच गया है।

---

## खबर संक्षेप

### आज से खपरीकला में रामलीला का आयोजन

**राजनांदगांव।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर ग्राम खपरीकला में बालाजी सेना के तत्वाधान में 6 दिवसीय भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कल 30 मार्च से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन रात्रि 8 से 12 बजे तक संपन्न होगा। यह विशेष रामलीला "52 पर्दा" के नाम से जानी जाती है, जो अपनी पारंपरिक शैली और आकर्षक मंचन के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध है। कार्यक्रम का संचालन बालाजी सेना समिति एवं हिन्दू एकता मंच के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने अपील की गई है।

## माए एंगल



---

### मुख्यमंत्री समाधान योजना का लाभ लेने लोगों में दिख रहा उत्साह

# 2 साल पुराने बिजली बिल में छूट लेने दो हजार से अधिक पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं को लाभ लेने के लिए पंजीयन कराने कहा गया है। पिछले एक पखवाड़े से पंजीयन का कार्य जारी है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में योजना के तहत 2078 उपभोक्ताओं ने पंजीयन करा लिया है। इनमें बीपीएल, एपीएल श्रेणी के उपभोक्ता शामिल है। इन उपभोक्ताओं को योजना के तहत बकाया बिल में भारी छूट भी मिल रही है।

ऐसा माना जा सकता है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बकाया बिजली बिलों के निपटारे के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना को राजनांदगांव जिले में जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। जिले में अब तक कुल दो हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं ने इस योजना के तहत अपना पंजीयन करा लिया है। जिससे उन्हें अपने पुराने बकाया बिलों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। वहीं लगातार पंजीयन का आंकड़ा तेजी से बढ़ भी रहा है। बताया गया कि जून महीने तक चलने वाली पंजीयन प्रक्रिया तक हजारों की संख्या में लोग इसका लाभ लेने आगे आएंगे।

इस योजना के दायरे में वे सभी उपभोक्ता आते हैं, जिनका बिजली बिल 31 मार्च 2023 तक बकाया है। सरकार का उद्देश्य उन लोगों को राहत देना है, जो आर्थिक कारणों से अपना बिल समय पर जमा नहीं कर पाए थे। योजना के तहत सरचार्ज (अधिभार) में भारी छूट के साथ-साथ बकाया मूल राशि को आसान किस्तों में जमा करने का विकल्प भी दिया जा रहा है।

इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने और उपभोक्ताओं को प्रेरित करने के लिए विभाग ने मीटर वाचकों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की है। एकमुश्त भुगतान पर यदि मीटर वाचक की प्रेरणा से कोई उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान करता है, तो मीटर वाचक को 1000 प्रति उपभोक्ता प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। किस्तों में भुगतान पर संपूर्ण किस्तों का भुगतान सफल होने की स्थिति में मीटर वाचक को 500 रुपए प्रति उपभोक्ता की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

## आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिली सुविधा



**100 फीसदी तक भी छूट:** 31 मार्च 2023 के पूर्व निष्क्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट, निष्क्रिय घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट तथा निष्क्रिय कृषि (स्थायी एवं अस्थायी) श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

### 30 जून तक समय

विद्युत विभाग के अधिकारियों ने अपील की है कि पात्र उपभोक्ता समय रहते इस योजना का लाभ उठाएं। यह योजना 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी। उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली वितरण केंद्र या मोर बिजली ऐप के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर पंजीयन करा सकते हैं।

### इतने को मिलेगा लाभ

इस योजना के तहत राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत राजनांदगांव जिले से 100303, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से 29491, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से 31012 एवं कबीरधाम जिले के 47445 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इस योजना का अधिकाधिक लाभ प्रदान करने के लिए 4 जिलों के सभी विद्युत वितरण केंद्रों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### श्रेणीवार पंजीयन के आंकड़े

बिजली विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजीयन कराने वाले उपभोक्ताओं में अलग-अलग श्रेणियों का विवरण इस प्रकार है। कृषि पंप श्रेणी के सबसे अधिक 662 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। घरेलू श्रेणीः कुल 377 मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों ने योजना का लाभ लिया है। बीपीएल श्रेणी : गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले 111 उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन पूरा किया है।वहीं जिलेवार बात करें तो केसीजी जिले में 373 और एमएमसी जिले में 479 आवेदन जमा हो चुकें है।

---

### सामूहिक विवाह में सात जोड़ों का निकाह

# खर्च रोकने व समानता का संदेश देने आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजिम, जगदलपुर, गोंदिया, नांदगांव सहित अन्य क्षेत्र से जोड़े पहुंचे। वहीं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और बस्तर के राजा कमलचंद्र भंजदेव भी अपनी शुभकामनाएं देने पहुंचे।

आयोजन को लेकर तेली पंचायत के सदस्य इकरामुद्दीन सोलंकी ने बताया कि विगत 8 वर्षों से यहां सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में सभी का सहयोग मिलता है। इस विवाह समारोह का उद्देश्य शादियों में होने वाले खर्च को कम करना और अमीर-गरीब का भेदभाव दूर करते हुए सभी को समान दर्जा देकर एक मंच पर विवाह आयोजित करना है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 400 लोगों की शादी इस आयोजन में संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यहां सात जोड़ों का निकाह हो रहा है। इज्तेमाई निकाह के इस आयोजन को लेकर दुल्हन बनी बेटियों ने कहा कि समाज की यहां अच्छी पहल है। इस आयोजन से माता-पिता पर शादी के खर्च का बोझ कम होता है, फिजूल खर्ची रूकती है और भेदभाव खत्म होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए।

### जरूरतमंदों के लिए आयोजन

इस विवाह समारोह में अपनी शुभकामनाएं देने पहुंचे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि इस तरह का आयोजन समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ा सहारा होता है। वहीं राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमलचंद्र भंजदेव ने कहा कि उन्हें यहां आने का मौका मिला है। जिससे काफी हर्ष हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामूहिक विवाह का आयोजन समाज के लिए काफी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर रहे और भारत के विकास में हम सबकी भागीदारी हो। मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह में सैकड़ों लोग शामिल हुए और नवविवाहित जोड़ों को मुबारकबाद दी। मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा सभी जोड़ों को समान रूप से गृहस्थ जीवन के लिए उपयोगी वस्तुएं भेंट स्वरूप दी गई।

---

# महाराष्ट्र जा रहे एक ही फर्म के दो ट्रेलर आरके नगर चौक में टकराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के आरके नगर चौक के समीप आज सुबह सामने चल रही एक ट्रक ट्रेलर को पीछे चल रही दूसरी ट्रेलर ने ठोकर मार दी। सुबह 9 बजे के आसपास हुई इस दुर्घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि दोनों ट्रेलर की रफ्तार काफी तेज थी। सामने चल रही ट्रेलर द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने से पीछे चल रहे ट्रेलर चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया। जिससे ट्रेलर सामने चल रहे वाहन से सीधा जा भिड़ा। बताया जा रहा है कि दोनों ट्रक ट्रेलर एक ही फर्म के थे, जो रायपुर से सामान लोड कर महाराष्ट्र की ओर जा रहे थे।

इस भिड़ंत से पीछे चल रहे ट्रक ट्रेलर के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे के बाद वाहन चलने की स्थिति में नहीं होने से क्रेन की मदद से वाहन को सड़क से किनारे हटाया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को गंभीर चोंट नहीं आई है।

---

# खरीदी केंद्र में पकड़ाया लाखों का अवैध धान प्राधिकृत अधिकारी-प्रबंधक पर कार्रवाई नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सरकारी खरीदी के दौरान घुमका के खरीदी केंद्र में ही लाखों रूपए का अवैध धान पकड़ाने के बाद भी आज पर्यन्त तक प्राधिकृत अधिकारी, समिति प्रबंधक सहित कर्मियों और कोचियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसी चर्चा है कि राजनैतिक दबाव के चलते दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इधर कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर शीघ्र आंदोलन करने की रणनीति तैयार की है।

उल्लेखनीय है कि धान की सरकारी खरीदी के दौरान प्रशासन ने घुमका के खरीदी केंद्र में छापामार कार्रवाई कर करीब साढ़े 12 हजार क्विंटल अवैध धान जब्त किया था। बताया जाता है कि कोचियों ने अवैध धान को खपाने के लिए पहले से ही खरीदी केंद्र में लाखों रुपए के धान को डंप करा दिया था। इस मामले में घुमका के एक रसूखदार कोचिये का नाम भी सामने आ गया है। इस मामले में घुमका के प्राधिकृत अधिकारी, समिति प्रबंधक से लेकर डाटा एंट्री आपरेटर की मिलीभगत सामने आने के बाद कार्रवाई की तैयारी भी की गई थी। सूत्रों ने बताया कि राजनैतिक दबाव के कारण आज पर्यन्त तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसी चर्चा है कि प्राधिकृत अधिकारी नगर पंचायत का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें इस प्रकरण से क्लीनचिट दिए जाने की तैयारी है।

### घर में भी पकड़ाया धान और बारदाना

ऐन धान की सरकारी खरीदी के दौरान प्रशासन ने घुमका के प्राधिकृत अधिकारी के घर में भी दबिश दी थी। इस दौरान उनके घर से अवैध धान और सरकारी बारदाना जब्त किया गया था। इस मामले के सामने आने के बाद प्राधिकृत अधिकारी से लेकर कोचिये के खिलाफ अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

### आंदोलन की तैयारी

इस मामले में कांग्रेस ने अब अल्टीमेंटम जारी कर दिया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि दोषियों के खिलाफ यदि कार्रवाई नहीं की गई तो शीघ्र ही आंदोलन का आगाज किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर ही दोषियों को बचाया जा रहा है।

---

### केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी पहुंचे

# छत्तीसगढ़ में हो रहा बेहतर विकास, देश में डीजल-पेट्रोल और एलपीजी का संकट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी बालोद जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जाते वक्त राजनांदगांव शहर पहुंचे। इस दौरान वह कुछ समय स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर और भाजपा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने प्रवास के दौरान पहुंचे केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री का यहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रदेश सरकार की तारीफ करते कहा कि एयरपोर्ट से आने के बाद उन्होंने यहां की सड़कों और बस्ती के क्षेत्र को देखा, जहां बेहतर विकास नजर आया। उन्होंने कहा कि यहां की सड़कें काफी अच्छी है। एयरपोर्ट के आसपास काफी बेहतर डेवलपमेंट हुआ है। वहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों की सराहना करते कहा कि यहां के लोग भी काफी अच्छे हैं।

### ईंधन की दिक्कतें नहीं

केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल में एक्साईज ड्यूटी कम करने का स्वागत करते केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि पेट्रोल-डीजल सहित ईंधन की आपूर्ति में देश की जनता को दिक्कत न हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते कहा कि विपक्ष भ्रामक प्रचार-प्रसार कर अफरा-तफरी मचाने का काम कर रही है। जिससे लोग स्टोर करने लगे हैं, जो कि दुखद है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि केन्द्र सरकार डीजल-पेट्रोल सहित रसोई गैस की आपूर्ति करने में लगी हुई है, इसलिए लोग अफवाहों में न आएं।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आयोर्डोटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
- क्लीयर अलाईनर
- दांत निकालना
- अक्ल दाढ़ निकालना
- फ्रेक्चर जबड़े का ईलाज
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
- बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
- पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
• डिजिटल एक्स-रे • एडवांस डेंटल ऑपरेशन थिएटर
• डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट • फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS),
FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## सार समाचार

### राम-जानकी बाला बाबा मंदिर में मना राम जन्मोत्सव

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि सोनारपारा स्थित राम-जानकी बाला बाबा मंदिर में रामनवमी, रामजन्म उत्सव अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, रुपमति निर्वाणी की उपस्थिति में हर्षोल्लास में मनाया गया। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार संध्या 7 बजे राम जानकी बाला बाबा मंदिर परिसर में 1008 दीप प्रज्जवलित कर राम जन्मोत्सव को मनाया गया। उक्त अवसर पर शकुंतला परिहार, गिरिश परिहार, आशा श्रीवास्तव, विवेक निर्वाणी, विरेन्द्र यादव, नेहा यादव, अमित श्रीवास्तव, रूचि नामदेव, वैष्णवी समृद्धि, संस्कृति नामदेव, सुमित्रा शिव निर्वाणी, अमित शर्मा, मृगनयनी शर्मा, रमा तिवारी, कुन्ती दुबे, धानी शर्मा, ममता ठाकुर, शशांक निर्वाणी, अनजु श्रीवास्तव, सुभाष श्रीवास्तव, लवली श्रीवास्तव, शुभांशि श्रीवास्तव, बसंत लता निर्वाणी, पूजा श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, अर्पित ठाकुर, ज्ञानेश्वर वैष्णव, विभा वैष्णव, उषा श्रीवास्तव, गिरिश परिहार, बल्ला सिंह ठाकुर, सरस्वती यादव, कुलदीप ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### 31 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जैनों के 24वें तीर्थकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण दिवस पर्व के उपलक्ष्य में 31 मार्च को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

### सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष बने हरीश

**राजनांदगांव।** श्री सत्यनारायण मंदिर समिति की सामान्य सभा में सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्षों के लिए हरीश अग्रवाल को अध्यक्ष एवं सुरेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह निर्णय पूर्व अध्यक्ष अशोक लोहिया के कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात लिया गया।




नवनियुक्त अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता मंदिर एवं धर्मशाला के विकास, व्यवस्था एवं सुविधाओं का विस्तार करना रहेगा। समिति की सामान्य सभा में यह भी जानकारी दी गई कि जल्द ही नई कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों की घोषणा की जाएगी। उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### पेपर लीक कांड ने खोली 'सुशासन' की सच्चाई

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा का हिंदी पेपर लीक होने के मामले में प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने इस घटना को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते इसे प्रशासनिक तंत्र की सबसे बड़ी विफलता करार दिया है। शास्त्री ने आरोप लगाया कि सुशासन का दम भरने वाली सरकार के राज में शिक्षा माफिया इस कदर सक्रिय हैं कि प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण बोर्ड परीक्षा की गोपनीयता भी सुरक्षित नहीं रह गई है।



पूर्व पार्षद श्री शास्त्री ने सरकार से सवाल किया कि जब प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रोटोकॉल और पुलिस सुरक्षा का दावा किया जाता है, तो आखिर पेपर परीक्षा से पहले वॉट्सएप और टेलीग्राम तक कैसे पहुंचा? उन्होंने कहा कि यह केवल एक तकनीकी चूक नहीं है, बल्कि विभाग के भीतर बैठे बड़े अधिकारियों और परीक्षा केंद्रों के प्रभारियों की मिलीभगत का नतीजा है।

### आलम ने प्रशासनिक समस्याओं पर रखी आपत्ति

**राजनांदगांव।** अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम ने हाल ही में मंत्रालय का दौरा किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के अपर मुख्य सचिव संजय पिंघुआ और स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया से मुलाकात की। उन्होंने राजनांदगांव जिले की विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराते आवश्यक कार्रवाई की मांग की।



इस अवसर पर बस्तर संभाग की समस्याओं के निवारण के लिए बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने भी मंत्रालय में ज्ञापन सौंपा। राज्य सरकार से उम्मीद है कि जल्द ही स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक सुधारों पर ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### एनबीआईएस स्कूल में निःशुल्क बस सुविधा

**राजनांदगांव।** नीरज वाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में प्ले ग्रुप (प्री-नर्सरी) एवं नर्सरी क्लास में नवप्रवेशित बच्चों को राजनांदगांव से निःशुल्क बस सुविधा इस वर्ष प्रदान की जा रही है। इस वर्ष नर्सरी क्लास की संपूर्ण फीस 18000 एवं प्ले ग्रुप (प्री-नर्सरी) हेतु 14000 रुपए है। जिसमें समस्त शुल्क शामिल है अर्थात नर्सरी क्लास हेतु मात्र 18000 एवं प्ले ग्रुप प्री नर्सरी हेतु मात्र 14000 रुपए वर्षभर फीस के रूप में जमा करना होगा।



बस सेवाएं निःशुल्क रहेगी। प्लेग्रुप प्रवेश के लिए छात्र की उम्र 31 मार्च 2026 को 1 साल 6 माह से अधिक एवं नर्सरी प्रवेश के लिए 2 साल 6 महीने से अधिक होनी चाहिए। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि प्ले ग्रुप और नर्सरी के पालक इस छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए सीमित सीट है। जिसमें यह सुविधा प्रदान की जा रही है। छोटे बच्चों को प्रोत्साहित करने एवं यहां की उच्च व्यवस्थाओं का लाभ उठाने यह ऑफर आगे नवप्रवेशित बच्चों को सीमित सीट हेतु प्रदान किया जा रहा है।

## भगवान महावीर के सिद्धांतों का पालन करती हुई पदयात्रा निकली

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव शहर में निकली सद्भावना पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर में सकल जैन श्री संघ द्वारा 27 से 31 मार्च तक महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा है। महोत्सव के तीसरे दिन आज सुबह 6 बजे गंज लाइन स्थित दिगंबर जैन मंदिर परिसर से अहिंसा पदयात्रा निकली, जो नगर भ्रमण करती हुई सदर बाजार से होकर जैन बगीचा पहुंचकर संपन्न हुई। महोत्सव के तहत 28 मार्च को तात्कालिक भाषण एवं म्यूजिकल हाऊजी का आयोजन हुआ। 29 मार्च को भी दिनभर कार्यक्रम होते रहे। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत प्रतिदिन विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

सकल श्री जैन संघ के अध्यक्ष विनय डड्ढा, उपाध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव अजय सिंगी एवं कोषाध्यक्ष खुशालचंद पारख तथा आयोजन समिति के संजोयक मिश्रीलाल गोलछा, सह-संयोजक विजय कांकरिया, उपाध्यक्ष नरेश बैद, सचिव गौतम बाफना, सह-सचिव अतिन जैन, कोषाध्यक्ष सीए ऋषभ नाहटा, श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा आयोजन से जुड़े ललित भंसाली, भावेश बैद एवं रोशन गोलछा और जीवन जैन ने बताया कि महोत्सव के तीसरे दिन 29 मार्च को सुबह 6 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर से सद्भावना पदयात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोग शामिल हुए। इस यात्रा में महिलाएं एवं पुरूष नंगे पैर नगर भ्रमण करते तथा भगवान महावीर के संदेशों का प्रचार-प्रसार करते जैन बगीचा पहुंचे।



### 400 से अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा

तत्पश्चात सुबह 8.30 बजे से समता भवन में चरित्राचार की साधना हुई। जिसमें सामूहिक सामयिक सकल संघ के सदस्यों द्वारा किया गया। दोपहर 12.15 से 2 बजे तक वीर प्रसादम का आयोजन गुरुद्वारा चौक में हुआ तथा दोपहर 1 से 3 तक वीर प्रसादम एवं शरबत वितरण का आयोजन जैन स्थानक भवन सदर बाजार में हुआ। दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक जैन बगीचे के नए हाल में किड्स कार्निवल जो की एयरपोर्ट थीम पर आयोजित हुआ एवं 400 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और गिफ्ट जीते। सुबह 10 से 11.30 बजे तक महावीर कल्प वृक्ष जिनालय में भगवान महावीर पंचकल्याणक पूजा भी हुई। 4 से 6 बजे तक महावीर वृद्धाश्रम में फल वितरण का कार्यक्रम हुआ।

### आज निकलेगी जीव दया यात्रा

महावीर जनकल्याणक महोत्सव के चौथे दिन कल 30 मार्च को सुबह 6 बजे जीव दया यात्रा वर्धमान स्थानक भवन सदर बाजार से प्रारंभ होगी। सुबह 8.45 से 9.45 तक नए हाल जैन बगीचे में सामूहिक नवकार जाप होगा। दोपहर 12.15 बजे तपाचार की साधना नेम भवन जैन बगीचे में होगी। दोपहर 12.15 से 2 बजे तक वीर प्रसादम का आयोजन दिल्ली दरवाजा पोस्ट ऑफिस चौक के पास होगा। दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक जैन बगीचे के नए हाल में धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन होगा। शाम 7 बजे से जैन बगीचे में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

### मुढ़ीपार में मनी संत गाडगे जयंती

**खैरागढ़।** ब्लाक के मुढ़ीपार में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के मुख्य आतिथ्य में रजक समाज ने संत गाडगे की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता धोबी समाज के जिलाध्यक्ष अशोक निर्मलकर ने की वही दाऊ भूपेंद्र सिंह ठाकुर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

संत गाडगे के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पूजन साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ बाद मुख्य अतिथि श्रीमति बघेल ने समाज को संत गाडगे के बताए मार्गो का अनुसरण करने और सदाचरण भाव साथ समाज को शिक्षित कर आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने समाज की आवश्यकतानुरूप मांग को ध्यान में रखकर भवन निर्माण के लिए आने वाले समय मे राशि देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम संचालक दयाराम निर्मलकर ने संत गाडगे के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा सर्वसमाज हित को लेकर संपादित कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान गौतम चंद जैन, सरपंच कुमेश साहू, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम साहू, लक्ष्मीनाथ निर्मलकर, विभीषण निर्मलकर, भागीरथी, बलबीर, हरिलाल, कृष्णकांत, दिनेश, बीरेश, सुरेश, लेखप्रकाश, देवनारायग, डिकेश सहित समाज की महिलाएं व बच्चे बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

## डेम में पिकनिक मनाने गया युवक डूबा, खोजबीन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के तुलसीपुर क्षेत्र में रहने वाला युवक अपने दोस्तों के साथ बालोद जिले के खरखरा डेम में पिकनिक मनाने गया था। इस दौरान नहाते वक्त वह पानी में डूब गया। इस घटना की खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं गोताखोर युवक की खोजबीन करने में जुटे हुए है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार बालोद जिले के संजारी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत खरखरा डेम में राजनांदगांव तुलसीपुर निवासी प्रवीण ठाकुर अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ रविवार को बाईक में सवार होकर पिकनिक मनाने गए थे।

### देर रात तक खोजबीन

संजारी पुलिस सूत्रों के अनुसार दोपहर लगभग साढ़े तीन चार बजे करीब वे खरखरा डेम के निकासी गेट में नहाने उतरे। इस दौरान प्रवीण ठाकुर पानी में डूब गया। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस व गोताखोर की टीम मौके पर पहुंची एवं देर रात तक उक्त युवक की खोजबीन की जाती रही।

## मंदिरों के जीर्णोद्वार के लिए 1 करोड़ 9 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने और मंदिरों के संरक्षण के उद्देश्य से राज्य सरकार ने जिले मे 22 मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 1 करोड़ 9 लाख रुपयो की स्वीकृति दी है।



जिसमे ग्रापं सिंगारपुर के शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं कानीमेरा के शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं कुटेलीकला के शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं लंझियाटोला के शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98लाख, ग्रापं देवपुरा गंडई के शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं कोहलाटोला के शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं उर्तुली के शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं सिंगारपुर के राममंदिर का जीर्णोद्धार 4.98लाख, ग्रापं सिंगारपुर आश्रित बेलगॉव के शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख और बूढ़ादेव मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं कोहलाटोला के महामाया मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, चंपाटोला के शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, झूमरकोना के गरगरा मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98लाख, ग्रापं खैरानवापारा के लोधेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं गातापार के महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं जीराटोला के चोडऱाधाम मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, गोलरडीह के बंजारी मंदिर जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं गोपालपुर के महामाया मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98 लाख, ग्रापं बागुर आश्रित मझगॉव के शिव मंदिर का जीर्णोद्धार 4.98लाख व ग्रापंअचानकपुर के चुचरूंगपुर मे शिव मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर 4.98 लाख रुपयो की स्वीकृति राज्य सरकार ने दी है। स्वीकृति को लेकर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिशेसर साहू, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, हेमलता मंडावी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश जंघेल, उपाध्यक्ष राजू जंघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, धार्मिक न्यास व धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद संतोष पांडेय का आभार व्यक्त किया है।

## आरपीएफ का आपरेशन नन्हे फरिश्ते दो नाबालिगों को सुरक्षित बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शालीमार एक्सप्रेस में दो नाबालिग बालक संदिग्ध स्थिति में यात्रा करते पाए गए। जिन्हें सुरक्षति बचाकर चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया। वहीं यात्रियों से पैसे की मांग कर अभद्र व्यवहार करने वाली 7 महिलाओं पर कार्रवाई की गई है।

मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर दीपचंद आर्य के निर्देशन एवं निरीक्षक तरूणा साहू के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव द्वारा "ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते" के अंतर्गत एक अत्यंत सराहनीय एवं मानवीय कार्रवाई करते 27 मार्च को दो नाबालिग बालकों को सुरक्षित बचाकर चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया गया।

### भटककर ट्रेन में हुए सवार

पोस्ट में लाकर निरीक्षक तरूणा साहू द्वारा बच्चों से अत्यंत संवेदनशीलता के साथ पूछताछ की गई। जिसमें ज्ञात हुआ कि एक बालक की आयु लगभग 10 वर्ष है, जो कक्षा तीसरी में अध्ययनरत है तथा दूसरा बालक लगभग 12 वर्ष का है, जो कक्षा पांचवी में अध्ययनरत है। दोनों बालक उतई क्षेत्र में अध्ययन करते हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया कि वे ट्यूशन जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन रास्ते में भटककर अज्ञात कारणों से रेलवे स्टेशन पहुंच गए और अनजाने में ट्रेन में सवार हो गए।

### यात्रियों को कर रहे थे परेशान, 7 पर कार्रवाई



इधर 28 मार्च को आरपीएफ को सूचना मिली कि ट्रेन संख्या 22846 में किन्नर द्वारा यात्रियों से पैसे मांगे जा रहे हैं। जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। इस सूचना पर आरपीएफ निरीक्षक तरूणा साहू के नेतत्व में टीम द्वारा संबंधित कोच की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ महिलाएं किन्नर का रूप धारण कर यात्रियों से जबरन पैसे की मांग कर रही थी व अभद्र व्यवहार कर रही थी, जिस पर 7 महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### आरपीएफ पोस्ट लाया गया

गाड़ी संख्या 18030 शालीमार एक्सप्रेस में दो नाबालिग बालक बिना अभिभावक के संदिग्ध स्थिति में यात्रा करते पाए गए। ऑन ड्यूटी टीटीई गोपाल यादव द्वारा बच्चों को सुरक्षित रूप से आरपीएफ को सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में आरक्षक एसएस भोयर एवं महिला आरक्षक ललिता की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने पूरी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ बच्चों को सुरक्षित पोस्ट तक लाया।

### जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव बने ओमप्रकाश

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से जिला अध्यक्ष विपिन यादव द्वारा प्रस्तावित जिला कार्यकारिणी को प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू द्वारा पदाधिकारी की सूची जारी की गई है। कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है और खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है।



नई कार्यकारिणी सूची में कई अनुभवी और युवा चेहरों को भी मौका दिया गया है। जिससे संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस मौके पर ओमप्रकाश साहू ने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, सह-प्रभारी एसए संपत कुमार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत तथा जिला अध्यक्ष विपिन यादव का आभार प्रकट किया है।

## बूथ कमेटियों के गठन के लिए बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार एवं राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव के आह्वान पर संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बूथ कमेटियों के गठन के लिए जिला मुख्यालय राजनांदगांव में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिले की प्रभारी एवं पंडरिया की पूर्व विधायक ममता चंद्राकर की उपस्थिति रही। बैठक के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने ममता चंद्राकर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री का स्वागत जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विपिन यादव ने कहा कि बूथ कमेटियों का गठन केवल कागजों में नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर होना चाहिए।

प्रभारी ममता चंद्राकर ने कहा कि 2028 के चुनाव को ध्यान में रखते बूथ स्तर तक मजबूत संगठन तैयार करना होगा। साथ ही निष्पक्ष तरीके से बूथ अध्यक्ष व टीम गठन पर बल दिया।

बैठक को प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, थानेश्वर पाटिला, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व जिलाध्यक्ष पद्म कोठारी व भागवत साहू, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, कमलजीत पिंटू एवं वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी महामंत्री राहुल तिवारी व आभार महामंत्री पंकज बांधव ने व्यक्त किया।

## अस्मिता वेस्ट जोन जूनियर बालिका हॉकी लीग प्रतियोगिता

# एमपी की टीम को मिला विजेता का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार के सांई सेंटर व हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी वेस्ट जोन हॉकी लीग के फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 5-3 गोल से पराजित कर स्वर्ण पदक के साथ विजेता बनी। महाराष्ट्र रजत पदक के साथ उपविजेता व तीसरे स्थान पर मेजबान छत्तीसगढ़ ने कॉस्य पदक जीता।

प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह सीएसपी वैशाली जैन के मुख्य आतिथ्य व कमला कॉलेज की खेल अधिकारी नीता नायर, छग हॉकी कोषाध्यक्ष आशा थॉमस, अंतर्राष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी शबनम अंसारी, बास्केटबाल कोच सांई दिव्या के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छग हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला हॉकी संघ सचिव शिवनारायण धकेता, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, नीलमचंद जैन, भूषण साव, चंदन भारद्वाज, अशोक नागवंशी आदि उपस्थित थे।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि सीएसपी वैशाली जैन ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मैदान में बालिका खिलाड़ियों को देखकर लग रहा है कि काश वह भी किसी न किसी स्पोर्ट्स से जुड़ी रहती। खिलाड़ी अपने समय को खेल में ही यूटिलाइज्ड करते हैं, ये आने वाले यूथ के लिए संकेत हैं।

छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने स्वागत भाषाण दिया। समापन समारोह में गुणवंत पटेल, प्रिंस भाटिया, किशोर धीवर, शब्बीर हैदरी, तीरथ गिरी गोस्वामी, शकील अहमद, दिग्विजय श्रीवास्तव, शिवा चौबे, दीपक यादव, दिलीप रावत, सचिन खोब्रागढ़े, हारून खान, राजेश निर्मलकर, तौफीक अहमद, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।




### प्रथम चार स्थान तक आने वाली टीम पुरस्कृत

राष्ट्रीय स्तर की जोन से संबंधित कुल चार टीमें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित मेजबान छत्तीसगढ़ की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान तक आने वाली टीमों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 180000 रुपए, द्वितीय 144000 रुपए, तीसरा और चौथा पुरस्कार 90000 रुपए का चेक, मैडल और ट्रॉफी अतिथियों द्वारा प्रदान की गई।

## मोटर साइकिल में भिड़ंत एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार की शाम फिर एक सड़क दुर्घटना ने लोगों को कंपकंपा दिया। हादसे का शिकार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। दुर्घटना में एक की मौत व दो लोग गंभीर रूप घायल हो गए। ज्ञात हो कि सप्ताह भर पहले इसी जगह पर एक तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हुई थी।

प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार की शाम तकरीबन साढ़े 6 बजे सड़क अतरिया के भाटापारा में दो मोटर साइकल सीजी 07 सीडी 0933 तथा सीजी 04 डीओ 9179 की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। दोनों मोटर साइकिल में कुल तीन लोग सवार थे। टक्कर के बाद तीनों वाहन सवार सड़क पर दूर जा गिरे। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल घटना की सूचना 112 पर दी। कुछ देर बाद पुलिस एंबुलेंस लेकर पहुंची और सभी घायलों को इलाके के लिए छुईखदान चिकित्सालय में दाखिल कराया। इलाज के दौरान ढाबा निवासी दूज राम वर्मा 45 वर्ष की मौत होने की खबर है, वहीं बरहापुर निवासी कलेश्वर वर्मा 25 वर्ष तथा सहसपुर निवासी जेलाल 50 वर्ष के पैर, सिर में गंभीर चोट के कारण प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रिफर किया गया है।

### गतिरोधक एवं संकेतक की मांग

लगातार बढ़ सड़क दुर्घटना को देखते हुए ग्रामीणों ने गतिरोधक एवं संकेतक लगाने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सकें।



## खबर संक्षेप



### अद्विका ने सुरों से मचाया धमाल


**कवर्धा।** नन्हीं अद्विका ने अपनी गायकी से एक बार फिर धमाल मचाया। जिले में आयोजित संभागीय सरस मेला में इस अद्भुत बालिका ने अपनी सुरों की तान छेड़ते हुए श्रोताओं का मन मोह लिया। अद्विका की साथिया तूने क्या किया और पगले से दिल ने ये क्या किया जैसे गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे। श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी की छात्रा अद्विका की गायन में आरंभ से ही रुचि रही है। आठ वर्षीया अद्विका रावत ने ग्रीष्मावकाश में आयोजित सिंगिंग के द टैलेंट शो कांटेस्ट में सबका ध्यान आकृष्ट किया था और प्रतियोगिता में ग्रैंड फिनाले तक अपनी जगह सुनिश्चित कर खूब वाहवाही बटोरी थी। इसके साथ ही ऑनलाइन सिंगिंग कांटेस्ट में भी फर्स्ट रैंक हासिल कर अपनी शानदार प्रतिभा का परिचय दिया था। संगीत गुरू सिद्धू वैष्णव से सुरों की बारीकियां सीख रही अद्विका रावत लाइव सिंगिंग में रुचि रखती हैं और एक बेहतर परफॉर्मर बनना चाहती हैं।बहरहाल पेरेंट्स, फ्रेंड्स एवं शुभचिंतकों ने अद्विका के उज्वल भविष्य के लिए कामना की है।

**मौसम: सूरज चढ़ते ही नगर की सड़कों में पसर जाता है सन्नाटा**

# मार्च की तपिश झुलसाने लगी सहम रहे लोग, आगे क्या होगा?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लगातार बनते बिगड़ते मौसम के बीच एक बार फिर भगवान भास्कर आग उगलने लगे हैं, जिसके चलते अंचल में लगातार तबिश बढ़ रही है और लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। आलम ये है कि सूरज चढ़ने के बाद नगर की सड़कों में पूरी दोपहरी सन्नाटा सा पसरा रहता है, लोग भगवान भास्कर का तेज कम होने के बाद ही अपने घरों से बाहर निकलने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं और यह सब मार्च माह के अंतिम दिनो से ही शुरू हो गया। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनो में मची मौसमी उथल-पुथल के चलते समूचे अंचल का मौसम बदल गया था और मार्च माह के शुरूआती दिनो में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश का दौर शुरू हो गया था। मौसम के इस बदले मिजाज के चलते लगातार बढ़ रही तपिश व गर्मी से अंचलवासियों को काफी हद तक राहत मिली थी और भरी गर्मी में भगवान भास्कर का तेज भी फीका पड़ गया था। लेकिन महज कुछ दिनो की इस मौसमी नोटंकी के बाद एक बार फिर सब कुछ बदल गया है। भोर फटने के साथ ही भगवान भास्कर पूरे तेज के साथ प्रकट हो रहे हैं। दोपहर होते-होते उनकी यह प्रचण्डता चरम पर पहुंच जाती है और लोगों का अपने घरों से निकलना भी दूभर हो जाता है। आलम ये है कि चटख धूप और उस पर गर्म हवा के थपेड़ों के चलते नगर की सड़के पूरी दोपहरी सूनसान पड़ी रहती हैं। जो लोग जरूरी काम से बाहर निकलते भी हैं तो वे भगवान भास्कर की तपिश तथा चटख धूप व गर्म हवा के थपेड़ों से बचने के लिए सिर से लेकर पांव तक पंछा, टोपी, स्कार्प, चश्मा, हांथ पोश व दूसरे साजो सामान का कवज धारण किए होते हैं। इसी प्रकार घरों में दुबके लोग भी गर्मी से बचने के लिए पंखा, कूलर, एसी का सहारा ले रहे हैं। मौसम के इन सख्त तेवरों को देख लोग अब मई-जून माह की तपिश का अहसास कर सहम रहे हैं।



### पशु पक्षी भी भीषण गर्मी में हलाकान

ऐसा नहीं है कि भीषण गर्मी में सिर्फ इंसान ही हलाकान और परेशान है। मार्च माह के अंतिम दिनो पड़ रही भीषण गर्मी ने पशु पक्षियों के सामने संकट घड़ा कर दिया है। स्थिति ये है कि भीषण गर्मी में अब पशु पक्षियों को दाना-पानी के लिए चिलचिलाती धूप में संघर्ष करना पड़ा रहा है बावजूद उन्हें खोजे हरा चारा नहीं मिल पा रहा है। दोपहर के समय तो सड़कों पर अब आवारा मवेशी और पेड़ा पौधों में पक्षी भी नजर नहीं आ रहे हैं। वे भी तपती दोपहरी किसी छांयादार स्थान में बिताना पसंद कर रहे हैं।

### दिहाड़ी मजदूरों को काम करना हो रहा मुस्किल

इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी के उन मजदूरों को हो रही है जो विभिन्न निर्माण कार्यों में सुबह से लेकर शाम तक काम करते हैं। एक तो हाड़तोड़ मसक्कत उस पर भीषण गर्मी और खुले आसमान के नीचे गर्म हवा के झौंके निश्चित रूप से इन मजदूरों का दम निकाल देता है। लेकिन फिर इन्हें अपने और अपने बाल बच्चों के पेट की खातिर इन विपरीत परिस्थियों में भी काम करना पड़ता है। इसके अलावा वे लोग भी भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं जो बाजार हाट में पसरा लगाकर अपना छोटा मोटी रोजी रोजगार करते हैं। ऐसे लोग भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण दोपहर के समय पसरा नहलीं लगा पा रहे हैं जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुल मिलाकर कहना गलत नहीं होगा कि इन दिनो पड़ रही गर्मी लोगों की अग्नि परीक्षा ले रही है।

# आक्रामक लंगूर ने कई लोगों को किया घायल



■ वन विभाग ने ग्राम समनापुर से लंगूर का किया सफल रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा-भोरमदेव मार्ग पर स्थित समनापुर के पास बीते शनिवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक आक्रामक हनुमान लंगूर ने राहगीरों और स्थानीय निवासियों पर हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग ने तेजी दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। वनमंडलाधिकारी कवर्धा निखिल अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संज्ञान लिया और उपवनमंडलाधिकारी अभिनव केसरवानी के मार्गदर्शन में कवर्धा परिक्षेत्र की टीम एवं उड़नदस्ता दल को मौके पर भेजा गया। वन विभाग की टीम ने पूरी सावधानी और रणनीति के साथ अभियान चलाते हुए पशु चिकित्सक डॉ. जडिया एवं उनकी टीम के सहयोग से हनुमान लंगूर को ट्रेंकुलाइज कर सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया।

इस दौरान किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जनहानि नहीं होने दी गई, जो विभाग की सतर्कता और कुशल कार्यप्रणाली को दर्शाता है। रेस्क्यू के बाद लंगूर को सुरक्षित रूप से बोड़ला स्थित पिंजरे में निगरानी हेतु रखा गया है।

पशु चिकित्सकों के अनुसार, अगले दो दिनों तक उसके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जाएगी। यदि वह पूरी तरह स्वस्थ पाया जाता है, तो उसे पुनः सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा।

### वन विभाग की लोगों से अपील

वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव से संबंधित सूचना तुरंत विभाग को दें और ऐसी स्थिति में स्वयं हस्तक्षेप करने से बचें। सतर्कता और सहयोग से ही ऐसी घटनाओं को सुरक्षित तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है।

# समूह की 40 दीदियां मंडला, बिछिया, जबलपुर भ्रमण के लिए रवाना

## उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में अहम पहल करते हुए जिला कबीरधाम में आयोजित अंतर्राज्यीय दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के तहत समूह की महिलाओं के बस को हरी झंडी दिखाकर मंडला, बिछिया और जबलपुर के लिए रवाना किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है और इस तरह के भ्रमण से उन्हें नए अवसरों की समझ मिलती है। उपमुख्यमंत्री ने सभी समूह दीदियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भ्रमण उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और वे सीखकर अपने क्षेत्र में स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित करेंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लोहारा एवं कवर्धा विकासखंड से कुल 40 दीदियां शामिल हो रही हैं। यह भ्रमण कार्यक्रम महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। भ्रमण के दौरान महिलाएं विभिन्न स्थानों पर संचालित रोजगारपरक गतिविधियों का अवलोकन करेंगी, उनके कार्यप्रणाली को समझेंगी तथा अपने अनुभवों को साझा करेंगी। इस पहल से समूह की महिलाओं को नए अवसरों की जानकारी मिलेगी और वे अपने क्षेत्र में भी स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित कर सकेंगी।

### स्काउट्स-गाइड्स ने शुरू किया प्याऊ घर

**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कबीरधाम द्वारा गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से प्याऊ घर की शुरुआत की गई। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत खालसा एवं राज्य सचिव बृजेश बाजपेयी के निर्देशन में चैत्र नवरात्रि के अष्टमी के अवसर पर कवर्धा के सिग्नल चौक में स्थित शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला के सामने प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला संघ के जिलाध्यक्ष शेखर बक्शी, उपाध्यक्ष अनिलदास गुप्ता, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, उपाध्यक्ष पीयूष ठाकुर, पदेन जिला आयुक्त एवं शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता, जिला सचिव नीलम यद्, जिला संगठन आयुक्त अजय कुमार चंद्रवंशी, भगवती हठिले, स्काउट मास्टर हेमधर साहू, रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू, स्काउट मास्टर प्रियप्रकार साहू आदि उपस्थित थे।

# गौरकापा धाम में धूमधाम से किया गया ज्योत जंवारा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

अंचल के सुप्रसिद्ध धार्मिक केंद्र गौरकापा धाम में चैत्र (बसंती) नवरात्रि का पर्व अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक चली शक्ति की उपासना के पश्चात, मां राज-राजेश्वरी के पावन जोत जवारा की विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई।

मंदिर परिसर से शुरू हुई इस विसर्जन यात्रा में सैकड़ों ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने शिरकत की। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप और देवी जसगीतों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

श्रद्धा और भक्ति की धारा में डूबे भक्त कंधों पर जवारा लिए स्थानीय तालाब पहुंचे, जहां विधि-विधान और पूजा-अर्चना के बाद जवारा विसर्जन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। उल्लेखनीय है कि नौ दिवसीय पावन नवरात्रि के दौरान मां राज-राजेश्वरी के दर्शन के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने माता के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस वर्ष भी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई थी, जो क्षेत्र की अटूट आस्था का प्रतीक है।



### महंत विवेक गिरी ने मांगी प्रदेश की खुशहाली

गौरकापा मंदिर के थानापति महंत विवेक गिरी महाराज ने इस पावन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां राज-राजेश्वरी देवी से समस्त प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली और आरोग्यमय जीवन की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि माता की कृपा और आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बनी रहे, इसी भाव के साथ इस भव्य आयोजन का समापन हुआ। भक्ति के स्वर और श्रद्धा की त्रिवेणी के साथ संपन्न हुआ यह आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत मंगलमय और यादगार रहा।

# सांसद ने गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज के इलाज हेतु दिलाई तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए गंभीर बीमारी से ग्रसित एक मरीज के ईलाज हेतु तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता दिलाई है।



कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम झलका के निवासी दिनेश मोहले की एक किडनी खराब हो गयी है। इनका उपचार बालाजी हॉस्पिटल रायपुर में चल रहा है। चिकित्सक द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दिया गया है। ये आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। इन्होंने क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया और ईलाज हेतु सहायता की गुहार लगाई। सांसद संतोष पांडेय ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए दिनांक 14 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मरीज दिनेश मोहले के किडनी ट्रांसप्लांट कराने हेतु प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया था।

इसके बाद उक्त मरीज के ईलाज हेतु प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से तीन लाख रुपए की की वित्तीय सहायता प्रदान की है। इस राशि से मरीज के ईलाज में सहायता मिलेगी। इससे पहले भी सांसद पांडेय कई मरीजों के ईलाज हेतु वित्तीय सहायता दिला चुके हैं।

मरीज के परिजनों ने उक्त सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद संतोष पांडेय का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# शिक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण की अलख जगा रहा हाई स्कूल छिरहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षा केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र के प्रति समर्पण का मार्ग है। इसी उद्देश्य को ध्येय वाक्य मानकर शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य व गणित के व्याख्याता डॉ. रमेश चन्द्रवंशी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक नई इबारत लिख रहे हैं।

उनके कुशल मार्गदर्शन में यह विद्यालय एक ऐसी नर्सरी के रूप में उभर रहा है, जहाँ भविष्य के जागरूक और जिम्मेदार नागरिक तैयार किए जा रहे हैं। डॉ. चन्द्रवंशी का स्पष्ट मानना है कि किताबी ज्ञान तभी सार्थक है जब वह राष्ट्रीय एकीकरण और देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत हो। विद्यालय की दैनिक प्रार्थना सभा से लेकर हर विशेष आयोजन तक, यहाँ की हर गतिविधि में एकता और अखंडता का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के गौरवशाली इतिहास और संवैधानिक मूल्यों से परिचित कराना यहाँ की शैक्षणिक पद्धति का हिस्सा बन चुका है। अनुशासन, स्वच्छता और सामाजिक समरसता के प्रति डॉ. चन्द्रवंशी के समर्पित प्रयासों ने छिरहा क्षेत्र में विद्यालय को एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। यहाँ छात्रों को केवल परीक्षा के लिए तैयार नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मौलिक मूल्यों से आत्मसात कराया जाता है। विद्यालय में नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतंत्र के महत्व पर चर्चा की जाती है।

इतना ही नहीं, विद्यार्थियों को देश के समक्ष खड़ी चुनौतियों जैसे गरीबी, सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता और अशिक्षा के प्रति संवेदनशील बनाकर उन्हें समाधान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया जाता है। सभी धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों के प्रति सहिष्णुता विकसित करना और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान जगाने का कार्य किया जाता है। एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के सहभागी राज्य गुजरात के लोकनृत्य की प्रस्तुतियों के माध्यम से अनेकता में एकता की भावना को बढ़ावा दिया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देकर अंधविश्वास का उन्मूलन और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा जैसे विषयों पर छात्रों को जवाबदेह बनाया जा रहा है।

**उद्घाटन कर सासंद पाण्डेय ने भाजपा का इतिहास और विकास को लेकर की चर्चा**

# बोड़ला मंडल में आयोजित किया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

कवर्धा विधान सभा के बोड़ला मंडल में शनिवार को हिंदू संगम परिसर में मंडल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 आयोजित की गईं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद संतोष पांडेय व प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने भारत माता,श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा फहराकर प्रथम सत्र की शुरुआत की गईं। सांसद संतोष पांडेय ने कार्यकर्ताओं से भाजपा का इतिहास और विकास पर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जो अपने सिद्धांतों और कार्यकर्ताओं को मूल मान कर चलती है। उन्होंने कहा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो समय समय पर अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का काम करती है। जिससे उनके कार्यकर्ता श्रेष्ठ और निष्ठावान बने और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित भाव से काम कर सके। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक संघर्षों की आप बिती बताई। सांसद ने कांग्रेस की परिवारवादी नीति और भाजपा की राष्ट्रवादी विचार धाराओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आपातकाल की त्रासदी और कांग्रेस सरकार की बर्बरताओं, राम जन्मभूमि आंदोलन, कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने, तीन तलाक कानून, सीएए कानून, ऑपरेशन सिंदूर, पोखरण परमाणु परीक्षण, अंत्योदय, सेवा से संगठन को लेकर कार्यकर्ताओं से अपना अनुभव साझा किया।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बाजे गाजे के साथ सकरी नदी में जोत-ज्वांरा का विसर्जन

**पिपरिया।** मां सतबहनियां मंदिर मे वासंती नवरात्रि में ज्योति-जवारा की स्थापना की गई थी, जो कि नौ दिनो तक भक्ति-भाव से सेवा की गई। प्रथम दिवस से दर्शन हेतु लोगों का तांता लगा रहा, पंचमी एवं अष्टमी में विशेष पूजा-अर्चना की गई भक्ति गीत, भजन, जसगीत प्रतिदिन किया गया। आज राम शुक्रवार रामनवमी के दिन श्रद्धा-भक्ति से बाजे गाजे के साथ स्थानीय सकरी नदी में विसर्जन किया गया है। उक्त अवसर पर गणमान्य नागरिक अध्यक्ष घुरूवाराम साहू, इंद्र कुमार केशरी, संदीप केशरी, नागेश्वर केशरी, पूरन केशरी, गैंदलाल केशरी, श्रवन केसरी, हेमंत केशरी, नंदकुमार शर्मा साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु नागरिक उपस्थित थें।

### यशवंत साहू को तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया



**पंडरिया।** प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार जिला साहू संघ कबीरधाम के अध्यक्ष धरम साहू के मार्गदर्शन में एवं तहसील साहू संघ पंडरिया अध्यक्ष डॉ जलेश्वर साहू व वरिष्ठ जनों की सहमति से कवर्धा साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संयोजक कृष्णा साहू ने अपने युवा जिला साहू संघ का विस्तार करते हुए यशवंत (नानू) साहू पंडरिया निवासी को तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बनाया गया, जिससे पंडरिया तहसील सहित पूरे जिले के साहू समाज के युवा सहित वरिष्ठ जन व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्याप्त करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी। बताया जाता है कि यशवंत (नानू) साहू पूर्व में तहसील युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष और सक्रिय सदस्य रह चुके हैं। यशवंत नानू साहू को युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ पंडरिया के अध्यक्ष बनाएं जाने पर धर्मराज साहू, खिलेश्वर साहू, लालचंद साहू, घनश्याम साहू, गजपाल साहू श्रवण साहू, मनीराम साहू, जल्लू साहू, फलित साहू, सुनील साहू सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

**सौगात :** सारंगपुर में 41 लाख रुपए की सीसी रोड़ व मेन चौक पर भव्य डोम निर्माण की घोषणा की: शर्मा

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने 8.10 करोड़ की सिंचाई परियोजना नहर लाइनिंग कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बोड़ला क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग आज साकार होने की ओर बढ़ गई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और कवर्धा विधायक विजय शर्मा ग्राम सारंगपुर पहुंचकर 8.10 करोड़ रुपए की लागत से बोड़ला विकासखंड अंतर्गत छीरपानी जलाशय से जुड़ी राम्हेपुर वितरक नहर एवं उससे संबद्ध माइनर नहरों के सीसी लाइनिंग कार्य का विधिवत भूमि-पूजन किया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। कार्य पूर्ण होने पर कुल 1540 एकड़ क्षेत्र में सुचारू सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी तथा 6 गांवों के 800 से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। नहरों के सुदृढ़ीकरण से जल का अपव्यय रुकेगा, अंतिम छोर तक पानी पहुंचेगा और खेती-किसानी को नई मजबूती मिलेगी।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने गांव के विकास के लिए 41 लाख रुपए की सीसी रोड निर्माण और गांव के मेन चौक में भव्य डोम निर्माण की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार गांव, गरीब और किसान को केंद्र में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि नहरों की लाइनिंग से पानी का अनावश्यक रिसाव रुकेगा, जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और नहरों के अंतिम छोर तक भी समान रूप से पानी पहुंच सकेगा। इससे न केवल फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिले। उन्होंने कहा कि नहर निर्माण कार्य से उनकी खेती को सीधा लाभ मिलेगा। आज से निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, इसलिए गांव के लोग भी इसमें सक्रिय रूप से ध्यान दें और जनसहयोग से कार्य को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास कार्य की सफलता में आमजन की भागीदारी सबसे अहम होती है।

### 1540 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का होगा विस्तार



वर्तमान में इन नहरों के माध्यम से लगभग 1045 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है। परियोजना पूर्ण होने के पश्चात सिंचाई क्षमता में 495 एकड़ की अतिरिक्त वृद्धि होगी, जिससे कुल 1540 एकड़ क्षेत्र में किसानों को नियमित एवं सुचारू रूप से खरीफ फसलों के लिए पानी मिल सकेगा। इससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### 6 गांवों के किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

इस योजना से मुख्य रूप से मानिकपुर, सिल्हाटी, बघर्रा, सारंगपुर कला, सिंघनुपरी एवं राम्हेपुर कला ग्रामों के किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। नहरों के सुदृढ़ीकरण से इन गांवों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए वैकल्पिक साधनों पर निर्भरता कम करनी पड़ेगी।

# भगवान शिव जी के 11वें रुद्र हनुमान : पं आनंद उपाध्याय

- श्री हनुमत कथा सुनने आसपास क्षेत्र के भक्तजनों की उमड़ रही भारी भीड़, क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम पलानसरी में आयोजित यज्ञाचार्य पं चंद्रभूषण पाठक के आचार्यत्व में श्री हनुमत यज्ञ और हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें ग्रामाचार्य पं हरिहर प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में याज्ञिक विद्वानों के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से यज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम कराया जा रहा हैं। वहीं श्री हनुमान यज्ञ में दूसरे दिन प्रवचन कर्ता आनंद उपाध्याय ने कहा कि ज्ञानियों में अग्रगण्य श्री हनुमान महाराज बुद्धिमानों में श्रेष्ठ हैं, समाज में देखा जाता है की जिसके पास बुद्धि है उसके पास बल नहीं होता, जिसके पास बल होता है प्रायः उसके पास बुद्धि नहीं होती पर हनुमान जी महाराज ऐसे हैं कि महा-बलवान भी हैं और ज्ञानी भी हैं, हनुमान महाराज सदैव रामजी की सेवा करने के लिए आतुर रहते हैं, सदैव उनकी आज्ञा का पालन करते हैं, आज्ञा का पालन करना सबसे बड़ी सेवा है। भगवान श्रीराम छल-कपट को स्वीकार नहीं करते जब हनुमान महाराज ने अपना असली रूप प्रकट किया तब भगवान श्रीराम ने हनुमान महाराज को अपने हृदय से लगा लिया और सेवक के रूप में स्वीकार कर लिया। श्री हनुमान महाराज कहते हैं कि मैं भजन नहीं करता कुटिल हूं ,अज्ञानी हूं, माया के बस में हूं, किसी को अपने साधन का भरोसा होता है, मुझे संबंध का भरोसा है। मैं सेवक हूं, श्रीराम मेरे स्वामी है, सेवक स्वामी के भरोसे रहता है, पुत्र-मां के भरोसे रहता है, इसी संबंध से सेवक का और पुत्र का दोनों का काम चल जाता है, भले ही मेरे पास साधन नहीं है पर भगवान राम के जैसे मेरे स्वामी हैं, सेवक और स्वामी इस संबंध के कारण मेरा काम बन गया। श्री हनुमान महाराज सेवक बनकर के चले और सुत बनकर के वापस आए माता-सीता ने हनुमान महाराज को पुत्र के रूप में स्वीकार किया माता-सीता के बाद भगवान रामजी ने भी हनुमान को पुत्र कहकर संबोधित किया और स्वीकार कर लिया हृदय से लगा लिया। भगवान शिव ही भगवान राम की सेवा करने के लिए हनुमान बनकर के आए हैं, 11वें रूद्र ही हनुमान बने हैं इसका कई जगह प्रमाण मिलता है। चैत्र शुक्ल एकादशी, पूर्णिमा और कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी नरक चतुर्दशी इन तीनों तिथियां में श्री हनुमान जी महाराज के अवतार का वर्णन है। अलग-अलग ग्रंथों इसका वर्णन किया गया है कल्प भेद के अनुसार तीनों सही हैं हनुमान जी महाराज के जीवन से हमें शिक्षा लेनी चाहिए की सदैव हम भगवान की सेवा करने के लिए भगवान की आज्ञा का पालन करने के लिए तैयार रहें हमेशा भगवान का नाम लेते रहें भगवान के चरणों का ध्यान करते रहें साधु संतों की भगवान की गौ माता की और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए।



# भगवान महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर रक्तदान शिविर व सड़क सुरक्षा संदेश कार्यक्रम 31 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

सत्य अहिंसा के साथ मानव सेवा के प्रतिरूप भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक दिवस 31 मार्च मंगलवार को जैन समाज एवं भारतीय जैन संघटना पंडरिया द्वारा छठवे वर्ष रक्तदान शिविर के आयोजन के साथ रक्त देने वाले रक्तवीरों को सड़क सुरक्षा के संदेश के साथ हेलमेट का वितरण किया जाना है, जैन समाज के अध्यक्ष हरीश जैन, भारतीय जैन संघटना के अध्यक्ष प्रणय जैन ने सर्व समाज के लोगो से अपील की है कि भगवान महावीर के सिद्धांत जिओ और जीने दी की प्रेरणा से रक्तदान कर सेवा के इस मंगलमयी कार्य में अधिक से अधिक भाग लेने का आग्रह किया गया है। इस कार्यक्रम में संदीप सिंह ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी के साथ पुलिस विभाग के एएसपी अमित पटेल,एसडीओपी भूपत सिंह के साथ पंडरिया थाना प्रभारी अजय सिन्हा के उपस्थिति में रक्तदान के साथ सड़क सुरक्षा के इस कार्यक्रम में अपना सहयोग देने की बात कही है।






# अमनिया-बांगर पीएम सड़क जर्जर, आवाजाही बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

जिले के कुकदुर तहसील अंतर्गत अमनिया से बांगर तक प्रधानमंत्री सड़क की हालत इन दिनों अत्यंत खराब हो चुकी है। खासकर जंगल घाट के मोड़ों पर सड़क पूरी तरह उखड़ गई है, जिससे आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई, तो बरसात के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह बंद हो सकता है। मिली जानकारी के अनुसार रुखमीदादर, सांईटोला और चौऊरडोंगरी क्षेत्र में चल रहे, जनमन सड़क निर्माण कार्य के कारण इस मार्ग पर हाईवा और ट्रैक्टर जैसे भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ गई है। इसी वजह से सड़क की स्थिति दिन-प्रतिदिन और खराब होती जा रही है। पूर्व जनपद सदस्य फुलवती सुन्दर मरावी ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा है कि बरसात से पहले सड़क की मरम्मत अति आवश्यक है। उन्होंने अपील कि यदि जल्द सुधार कार्य नहीं हुआ, तो क्षेत्र के लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा। सड़क पर बने पुल-पुलिया और रपटों की स्थिति भी चिंताजनक है। एक ही नदी को इस मार्ग में छह बार पार करना पड़ता है, जहां कई जगहों पर पानी ऊपर से बहता है। अमनिया के पहले रपटे में बड़ा गड्ढा बन चुका है, जिससे कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इस मार्ग के खराब होने से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और आम राहगीरों पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बरसात से पहले तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए, ताकि किसी बड़ी परेशानी से बचा जा सके।



**पंचायत भवन, सीसी रोड, नाली व आंगनबाड़ी केंद्र की मांग**

# ग्रामीणों ने विधायक से लगाई निर्माण कार्य की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत बोड़तरा में शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा से जल्द समाधान की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों को चुनने के बावजूद गांव में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित इस ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र, मुक्तिधाम, पंचायत भवन और पक्की सड़कों जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत बोड़तरा में संचालित दोनों आंगनबाड़ी केंद्र उचित भवन के अभाव में किराए के मकान और सामुदायिक भवन के कमरों में संचालित हो रहे हैं। यहां पेयजल और शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे बच्चों, महिलाओं और कर्मचारियों को काफी परेशानी होती है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द इन सभी समस्याओं का समाधान करने की मांग की है ताकि गांव में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### मुक्तिधाम नहीं होने से अंतिम संस्कार में परेशानी

गांव में मुक्तिधाम नहीं होने के कारण ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सरपंच कपिल दिवान ने बताया कि इसके लिए कई बार प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

### जर्जर पंचायत भवन, नए निर्माण की मांग

गांव का पंचायत भवन लगभग 50 वर्ष पुराना और जर्जर हो चुका है, जिससे कार्यालयीन कार्य करना मुश्किल हो गया है। दस्तावेजों की सुरक्षा भी खतरे में है। ग्रामीणों ने नए पंचायत भवन के निर्माण की मांग की है। साथ ही साथ ग्रामीणों ने दुर्गा मंदिर से संत मिश्रा के घर तक तथा धुनी घर से दशरथ के घर तक लगभग 300 मीटर सीसी रोड निर्माण की मांग की है। इसके साथ ही जोधन के खेत के पास नाले में पुलिया निर्माण की भी मांग की गई है।

